साथिया केन्द्र

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

RKSK
Rashtriya Kishor Swasthya Karyakram
राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम

कोविड–19 के दौरान स्वास्थ्य केंद्र एवं समुदाय स्तर पर राश्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की गतिविधियों के आयोजन हेतु दिशानिर्देश

- किशोर स्वास्थ्य परामर्श दाता "साथिया केन्द्र" पर कोविड–19 के नियमों का पालन करते हुए किशोर–किशोरियों को क्लीनिकल एवं परामर्श सेवायें प्रदान करें।
- स्वास्थ्य केंद्र एवं समुदाय स्तर की कार्य योजना बनाते समय कोविड–19 के लिए बनाये गये नियम जैसे उचित सामाजिक दूरी, व कन्टेनमेन्ट ज़ोन सम्बन्धित दिशा– निर्देशों का पालन करें।
- गतिविधियों का समय सुविधानुसार सुबह 10:00 से 02:00 बजे के मध्य रखा जाए।
- सुनिश्चित किया जाए स्वास्थ्य केन्द्र पर आये किशोर–किशोरियों को ओ0पी0डी0/साथिया केन्द्र पर मिलने वाली सुविधाओं में कोई बाधा न पहुँचे।
- स्वास्थ्य केंद्र/उपकेंन्द्र पर किशोर स्वास्थ्य दिवस एवं किशोर मित्रता क्लब की बैठक में ए.एन.एम. एवं आशा पूरे समय सभी प्रकार के सुरक्षा साधनों जैसे– मास्क, दस्ताने, सैनिटाइजर आदि के साथ गतिविधि का आयोजन करें।
- स्वास्थ्य केंद्र/उपकेंन्द्र पर सभी प्रतिभागियों/किशोर–किशोरियों के लिए मास्क, थर्मल चेकअप व सैनेटाईजर का प्रबन्ध अवश्य हो। थर्मल चेकअप व हाथों को सैनेटाईज किये बगैर कोई भी गतिविधि में प्रतिभाग न करे।
- रजिस्ट्रेशन के समय, लम्बाई/वजन/हीमोग्लोबिन टेस्ट के लिए लाईन पर चॉक के माध्यम से उचित दूरी अर्थात् 2 गज की दूरी पर गोला बनाये और अपने नम्बर की प्रतीक्षा की स्थिति मे प्रतिभागी उस गोले पर ही खड़े रहें।
- अनुभाग द्वारा जारी लम्बाई/वजन/हीमोग्लोबिन/आयरन गोली वितरण से सम्बन्धित सभी दिशानिर्देशों का पालन अवश्य करें (आवश्यकता पड़ने पर कुछ सेवाओं को रद्द भी किया जा सकता है)।
- सेवा प्रदाता एवं प्रतिभागी दोनों गतिविधि के दौरान पूरे समय मास्क, दस्ताने पहनें।
- आर0के0एस0के0 से सम्बन्धित सभी आपूर्तियों व कन्डोम रखवाना भी निश्चित किया जाये।
- ए.एन.एम. प्रभारी चिकित्साधिकारी को प्रतिभागी किशोर किशोरियों की संख्या से अवगत कराएं।
- कोविड–19 प्रोटोकॉल और दिशानिर्देशों का पालन करते हुए उपयोग किए जाने वाले उपकरणों को हर बार उपयोग से पहले और बाद में सैनेटाईज करे।
- सेवा प्रदाता व किशोर–किशोरियों के साथ सामूहिक परामर्श के समय कम से कम 2 गज की दूरी अवश्य हो। यदि समूह चर्चा खुले स्थान पर की जा रही हो तो किशोर–किशोरियों को बैठने के लिए जमीन पर गोले बना दें तथा उसी गोले में ही बैठने के लिए कहें।
- सामूहिक गतिविधियां जैसे एस0आर0एच0 व पोषण आदि विषयों पर समूह चर्चा को खुले स्थान पर ही करे और यदि जगह की कमी हो तो छोटे समूहों में चर्चा की जाए।

psi India

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम उत्तर प्रदेश द्वारा जारी

tci THE CHALLENGE INITIATIVE
HEALTHY CITIES INDIA